## भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में 14 सितम्बर , 2021 को “हिंदी दिवस” का आयोजन किया गया

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में “हिंदी दिवस” का आयोजन 14 सितम्बर, 2021 को वर्चुअल रूप में ब्यूरो के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। “हिंदी दिवस” के उद्घाटन के अवसर पर ब्यूरो के प्रभारी निदेशक महोदय, डॉ. ए. एन. शैलेषा, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजीव कुमार चतुर्वेदी, सेवानिवृत्त भारतीय वायु सेना अधिकारी, विभागाध्यक्ष- जननद्रव्य संग्रहण और लक्षणीकरण, डॉ. सुनील जोशी, विभागाध्यक्ष- जननद्रव्य संरक्षण और उपयोगिता, विभागाध्यक्ष- जीनोमिक संसाधन डॉ. टी. वेंकटेशन, प्रशासनिक अधिकारी, श्री मलय बिष्ट और वित्त एवं लेखा अधिकारी, श्रीमती एस. कुसुमा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम आरंभ किया।

उद्घाटन के उपरांत “हिंदी दिवस” के अवसर पर माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार, श्री अमित शाह का वीडियो संदेश सम्मेलन कक्ष में उपस्थित प्रतिभागियों ने देखा। तदोपरांत माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार, श्री नरेंद्र सिंह तोमर तथा माननीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार, श्री कैलाश चौधरी के संदेश और भा.कृ.अनु.प. के माननीय सचिव एवं महानिदेशक, कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, डॉ. त्रिलोचन महापात्र की अपील को सम्मेलन में उपस्थित प्रतिभागियों को पढ़कर सुनाया गया।

“हिंदी दिवस” कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त भारतीय वायु सेना अधिकारी, श्री राजीव कुमार चतुर्वेदी, ने हिंदी राजभाषा की देश की आजादी में भूमिका और उसके महत्वपूर्ण योगदानों का विस्तृत रूप से व्याख्यान के माध्यम से प्रतिभागियों को रोचक जानकारी दी। सविंधान सभा द्वारा संघ की राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार करने के चार साल बाद देश में पहली बार 14 सितंबर, 1953 को हिंदी दिवस मनाया गया था। इसके बाद से देश में, हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाने लगा। उन्होंने कहा कि आज जब भारत देश की आजादी के 75 वर्ष पर “आजादी का अमृत महोत्सव” मना रहा है उस समय हिंदी दिवस मनाने का दायित्व और भी बढ़ जाता है।

इसके बाद हिंदी और अहिंदी वर्गों के लिए अलग-अलग रूप से आयोजित तात्कालिक संवाद/भाषण एवं वाक्य बनाने की प्रतियोगिता तथा हिंदी गीत गायन/काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो के अधिकारियों/ कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

ब्यूरो के प्रभारी निदेशक महोदय, डॉ. ए. एन. शैलेषा ने अपने सम्बोधन में समस्त कर्मचारियों को हिंदी दिवस के अवसर पर शुभकामनाएँ दी और कहा कि आज भी ब्यूरो में हर साल की तरह 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। आज देश को एकता की डोर में बाँधने का काम अगर कोई एक भाषा कर सकती है तो वो सर्वाधिक बोले जाने वाली हिंदी भाषा ही है।

हमारे ब्यूरो में राजभाषा हिंदी का समुचित और व्यापक रूप से प्रशासनिक और शोध कार्यों में किया जा रहा है। ब्यूरो में हिंदी कार्यशालाओं एवं तिमाही बैठकों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है और सबसे बड़ी बात यह है कि इस ब्यूरो में कर्मचारी एवं अधिकारीगण बोलचाल की भाषा में हिंदी का प्रयोग करते हैं।

इस समारोह का संचालन श्री सतेंद्र कुमार, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने किया तथा श्रीमती दीपानविता देब, सहायक प्रशासनिक अधिकारी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

**हिंदी दिवस के दौरान लिए गए कुछ फोटो -**







**दीप प्रज्वलित करके हिंदी दिवस का उदघाटन**





**हिंदी दिवस 2021 के अवसर पर माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार का वीडियो संदेश**







**राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में “हिंदी दिवस” का आयोजन**





**राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिंदी दिवस" का आयोजन**




**राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिंदी  दिवस"  का  आयोजन**




**राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में “हिंदी दिवस” का आयोजन**







**राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिंदी दिवस" का आयोजन**